# मणिपुर में केसीपी के चार कैडर गिरफ्तार



**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर की थौबल पुलिस और 33 असम राइफल्स द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी (पीपुल वॉर ग्रुप) के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी व्यस्ततम् यारीपोक बाजार क्षेत्र से गुप्त सूचनाओं के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान की गई। पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान सिनाम बिजेन उर्फ मंगांग मीतेई (38), अंगोम इंगो उर्फ आपा सिंह (53), वेरेपम जयंता सिंह (36) और ओइनम नाओचा उर्फ मैक्स सिंह (24) के रूप में हुई है। गिरफ्तार उग्रवादियों से पांच मोबाइल हैंडसेट, दो 9 मिमी पिस्तौल के साथ 15 जीवित राउंड, पांच मांग पत्र, 5.56 मिमी के 20 राउंड और 7.62 मिमी गोला बारूद के चार राउंड, सफेद रंग से रंगी एक ए-स्टार कार जब्त किया गया।

# बदरपुर में 1,200 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास के नेतृत्व में बदरपुर पुलिस ने छापेमारी कर बदरपुर से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल एक तस्कर को भी इस दौरान गिरफ्तार किया। गुरुवार को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मिजोरम से गुवाहाटी की ओर जा रहे एक ट्रक से उक्त हेरोइन जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास के नेतृत्व में बदरपुर पुलिस की एक टीम ने ट्रक (एएस-01जेसी-6796) के गुप्त कक्ष से हेरोइन से भरे 110 साबुन के डिब्बे बरामद किए। बक्से से कुल 1,200 ग्राम (1.2 किग्रा) हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने के आरोप में सिबुद्दीन नाम के तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत करीब 10 करोड़ रुपए है। ड्रग्स तस्कर ने हेरोइन को पड़ोसी राज्य मिजोरम से करीमगंज के रास्ते गुवाहाटी ले जाने की योजना बनाई थी। घटना के संबंध में बदरपुर थाने में मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

# मणिपुर में हेरोइन के साथ दो महिला समेत 3 तस्कर गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने हेरोइन पाउडर के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मणिपुर पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों से 13 प्लास्टिक के साबुनदानी में हेरोइन बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बिष्णुपुर जिले के नामबोल माईबम चिंगमांग निवासी रुखसाना (25), रबीना उर्फ थम्बल (48) और मोहम्मद साबिर खान (30) के रूप में हुई है। उनके पास से एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया।



# पूसी रलवे की चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय रेल अपने *कैपिटल कनेक्टिविटी* परियोजनाओं और भारत सरकार की *एक्ट ईस्ट पॉलिसी* के तहत कई रेल परियोजनाओं को निष्पादित कर पूर्वोत्तर राज्यों की कनेक्टिविटी परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। अनिल कुमार खंडेलवाल, सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड ने बीते 13 मई से 15 मई तक पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के अधीन चल रही कुछ महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण की गई परियोजनाओं में भैरबी-साइरंग नई लाइन परियोजना, जिरिबाम-इम्फाल नई लाइन परियोजना और अगरतला-अखौड़ा अंतर्राष्ट्रीय रेल संपर्क परियोजना शामिल हैं। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया है कि 13 मई को अनिल कुमार खंडेलवाल, सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड ने भैरबी-साइरंग नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह परियोजना देश के बाकी हिस्सों से पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम को मजबूत रेल कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ेगी और यह



पूर्ण होने के अग्रिम चरण में है। परियोजना का लगभग 93 प्रतिशत कार्य अब तक पूरा हो चुका है। इस परियोजना के तहत मिजोरम राज्य में 51.38 किमी रेलवे ट्रैक और 55 बड़े पुल एवं 87 छोटे पुल शामिल हैं। परियोजना में सुरंगों की कुल लंबाई 12853 मीटर है। इस परियोजना में 4 स्टेशन हैं। परियोजना का पुल संख्या 196 का सबसे लंबा स्तंभ 104 मीटर है, जो कुतुब मीनार से 42 मीटर अधिक लंबा है। सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड ने 14 मई को जिरिबाम-इम्फाल नई लाइन परियोजना के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस परियोजना का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ना है और यह पूर्ण होने के अग्रिम चरण में है। यह परियोजना 111 किमी लंबी है, जिसमें 52 सुरंगें, 11 बड़े पुल, 129 छोटे पुल शामिल हैं। इस परियोजना में विश्व के सबसे ऊंचे स्तंभ 141 मीटर की ऊंचाई पर रेलवे पुल का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना का लगभग 77 प्रतिशत कार्य अब तक पूरा हो चुका है। ये परियोजनाएं क्रमश: मिजोरम और मणिपुर के पहाड़ी राज्यों के लोगों को उन्नत कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। एक बार पूरा होने के बाद, यह सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले क्षेत्र में लघु उद्योगों को विकसित करने में मदद करेगी। इन राज्यों के लोगों को काफी कम लागत पर आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सहित देश भर में लंबी दूरी की ट्रेनों की पहुंच मिलेगी। सदस्य (अवसंरचना) ने 15 मई को अगरतला-अखौड़ा अंतर्राष्ट्रीय रेल संपर्क परियोजना का भी निरीक्षण किया, जो निश्चिंतपुर (त्रिपुरा) में अंतर्राष्ट्रीय इमिग्रेशन स्टेशन होते हुए बांग्लादेश के अखौड़ा स्टेशन को जोड़ेगी। यह भारत और बांग्लादेश के बीच यात्री और माल दोनों विनिमय के लिए एक दोहरी गेज स्टेशन होगा। यह रेल संपर्क पर्यटन क्षेत्र को काफी बढ़ावा देगा, व्यापार और वाणिज्य को गति मिलेगी तथा दोनों देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# 40 करोड़ की याबा टैबलेट जब्त, एक गिरफ्तार

**करीमगंज ( हिंस )।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को करीब 40 करोड़ रुपए की नशीली याबा टैबलेट बरामद की हैं। इसके साथ ही ड्रग्स की तस्करी के आरोप में पत्थारकांदी थाना क्षेत्र के सलीम उद्दीन उर्फ अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थप्रतिम दास ने बताया कि एक सूचना के बाद पुलिस टीम ने गुरुवार को पोमारा बाईपास इलाके में जाल बिछाया। इस बीच एक चार पहिया इको कार को रोककर तलाशी ली गई तो कार से एक कार्टून के अंदर से करीब 40 करोड़ रुपए कीमत की दो लाख याबा टैबलेट बरामद हुईं। पुलिस अधीक्षक दास ने बताया कि तस्कर के आरोप में पत्थारकांदी थाना क्षेत्र के सलीम उद्दीन उर्फ अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान पता चला कि इन टैबलेट्स को मिजोरम के चंपाई जिले से लाया गया था। करीमगंज सदर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने बुधवार को करीमगंज जिला अंतर्गत बदरपुर में छापेमारी कर करीब 10 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की थी। इस मामले में एंगलबाजार इलाके के सिहाब उद्दीन को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# फरार मवेशी चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शिवसागर ( हिंस )।** शिवसागर जिले के लक्ष्मीनगर इलाके से पुलिस ने मवेशी चोर तुलतुल दुवरी को गिरफ्तार किया है। एक अप्रैल को शिवसागर के बनमुख काथपा इलाके से 40 मवेशी की चोरी किए जाने की घटना में शामिल तुलतुल को लक्ष्मीनगर स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के समय तुलसुल अपनी पत्नी से मिलने के लिए आया हुआ था। ज्ञात हो कि मवेशी चोरी मामले में शिवसागर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिक की आधार पर पुलिस ने अभियान चलाकर मवेशी चोरी मामले में तुलसुल को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है की 40 मवेशी चोरी होने के बाद पुलिस ने 32 मवेशियों को बरामद किया था। जबकि, आठ मवेशियों को नगांव जिले के कामपुर में मवेशी व्यापारी को तुलसुल ने बेच दिया था। पुलिस इस संबंध में पहले से दर्ज प्राथमिक की आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी मवेशी वाहन से डकैती करने के आरोप में तुलसुल को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# असम राजभवन में मनाया गया सिक्किम दिवस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत असम राजभवन में आज सिक्किम का राज्यत्व दिवस मनाया गया। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने इस अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजीं। सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर रंजीत बरठाकुर, एसएम (सेवानिवृत्त) ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के साथ इसकी भौगोलिक निकटता को देखते हुए भारत के रणनीतिक परिदृश्य में सिक्किम की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बढ़ते पर्यटन उद्योग पर भी बात की। जिसके कारण पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई और परिणामस्वरूप राजस्व संग्रह में वृद्धि हुई। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी पर भी काम तेजी से



चल रहा है जो निश्चित रूप से राज्य के सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ सिक्किम की कनेक्टिविटी को भी बढ़ाएगा। ब्रिगेडियर रंजीत बरठाकुर ने सिक्किम के लोगों के सराहनीय गुणों की भी बड़ाई की। उनकी विनम्रता और बाहरी लोगों के प्रति अटूट समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करने में नागरिक समर्थन के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि किसी भी संघर्ष में जीत केवल सैन्य ताकत से नहीं बल्कि लोगों की एकजुटता और सहयोग से भी निर्धारित होती है। इस संबंध में उन्होंने देश की सामूहिक रक्षा और प्रगति को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए सिक्किम के लोगों की सराहना की। नुमलीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक सुदीप प्रधान और एआरसी सिक्किम हाउस, जशोदा छेत्री ने भी इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्य दिवस समारोह में राज्यपाल के सचिव स्वप्ना दत्ता डेका, कबिता डेका, पूर्व एपीएससी सदस्य संजीब गोहाईं बरुवा, पूर्व नौकरशाह स्वप्ननिल बरुवा के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपलब्धि



**विश्वनाथ चाराली।** हाल ही में सीबीएसई की ओर से घोषित 10 की नतीजों में विश्वनाथ चारियाली की दी ईस्ट इंडियन स्कूल द ईस्ट इंडियन स्कूल की। मेघावी छात्रा नेहा दस्सानी ने कुल 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता अर्जित कर अपने परिवार का नाम रोशन किया। नेहा दस्सानी विश्वनाथ के युवा व्यवसाई चंद्र प्रकाश दस्सानी व विनीता दस्सानी की पुत्री हैं।



**रंगिया ( विभास )।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित मेट्रिक परीक्षा के परिणामों में गुरुकुल ग्रामर स्कूल, गुवाहाटी के छात्र मनन रुपाका ने सभी विषयों में लेटर अंक सहित कुल 90.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय सहित समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुवाहाटी क्रिश्चियन बस्ती के निवासी योगेश अग्रवाल - नीता अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र मनन की इस सफलता से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है। मनन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। वहीं उसने बताया कि सभी के सहयोग से उसने कड़ी मेहनत करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। मनन का सपना है कि आगे वह विज्ञान विषयों की पढ़ाई कर भविष्य में एक अच्छा इंजीनियर बने। उसने बताया कि प्रयासों से कुछ भी असंभव नहीं होता और वह अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भविष्य में और अधिक कड़ी मेहनत करेगा।

**गुवाहाटी।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं की परीक्षा में दिशा जैन ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। सरला बिरला ज्ञान ज्योति अमीनगांव (गुवाहाटी) की छात्रा दिशा गुवाहाटी के पल्टन बाजार निवासी पदमचदं-शांति देवी पाटनी की पौत्री व सुमित-रितिका जैन की सुपुत्री है।



# हत्या के आरोप में मां-बेटा गिरफ्तार

**अगरतला ( हिंस )।** त्रिपुरा पुलिस ने हत्या के आरोप में मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को हरिबोल बिश्वास (43) की हत्या करने के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया। मृतक अपने बेटे की बाइक की किस्त चुकाने में विफल रहा था, इसलिए पत्नी और बेटे ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। यह घटना त्रिपुरा पश्चिमी जिले के लेफुंगा थाना अंतर्गत दमदमिया इलाके की है। लोगों ने खून से लथपथ मृतक के शव को देखकर लेफुंगा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक के भाई के आरोपों के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी अल्पोना विश्वास और उसका बेटा सुमन विश्वास के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने शव बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद पत्नी और बेटा दोनों फरार हो गए थे। उन्हें सिपाहीजला जिले के बिशालगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

# डायट, शोणितपुर ने लिंग जागरूकता सभा का किया आयोजन

**विश्वनाथ ( विभास )।** शोणितपुर जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान के बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के सौजन्य में विश्वनाथ चारिआलि के अग्रणी शिक्षा अनुष्ठान चारिआलि आदर्श विद्यापीठ में लिंग विषमता को दूर कर क्षमता को प्रसार करने के उद्देश्य में एक जागरूकता सभा का आयोजित किया गया। सभा में विद्यालय के कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी और अभिभावक शामिल होकर सभा की गरिमा बढ़ाई। सभा के शुरू में अंकिता सेन ने सभा उद्देश्य व्याख्या किया। इसके बाद सभा में बिदिशा बुढ़ागोहांई देबांगन फुकन, रिजु चंद, किरण भुइयां और टपिकी बिश्वास ने उक्त विषय को बहुत ही सारगर्भित तरीके से पावार प्वाइंट द्वारा समझाया। सभा में स्कूल की प्राचार्या बबीता हजारिका और सहायक शिक्षक बिद्युत बोड़ो ने लिंग विषमता को दूर कर क्षमता को प्रसार करने के ऊपर व्याख्या दिए। शहाजुल अली के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा संपन्न हुई।



# रंगिया : वार्षिकी झूलनोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर के ऐतिहासिक श्री श्री राधाकृष्ण झूलन यात्रा महोत्सव के इसवर्ष शत वार्षिकी आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसको यादगार बनाने की कवायद में स्थानीय मारवाड़ी समाज जोर-शोर के साथ जुट गया है। महोत्सव के सफल आयोजन हेतु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष महेश सिकरिया की अध्यक्षता में सोमवार को मंदिर प्रांगण में एक साधारण सभा आयोजित की गई। मंदिर संचालन समिति के सचिव प्रमोद अग्रवाल द्वारा गत सभा के प्रतिवेदन पाठ और सभा के उद्देश्यों की व्याख्या के साथ प्रारंभ हुई इस सभा में भारी संख्या में स्थानीय समाजबंधु उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव के सभी आयामों पर चर्चा की गई और इसके सफल संचालन हेतु एक आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में सौवें वार्षिक महोत्सव समिति में सर्वसम्मति से मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष महेश सिकरिया को अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल को सचिव के अलावा राज कुमार लुंडिया को संयोजक और दिनेश तोदी को कोषाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। इसके साथ ही विभिन्न उप-समितियों का भी गठन किया गया है। वहीं दूसरी ओर बैठक के दौरान महोत्सव के कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए इसकी रूप रेखा भी तैयार की गई। उल्लेखनीय है कि रंगिया का यह महोत्सव दूर-दूर तक विख्यात है। जिसमें देवी-देवताओं की लीलाओं के दर्शनार्थ भारी संख्या में भक्त उपस्थित होते है।

# हत्या के मामले में 10 लोग गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि थौबल जिले के कीबुंग माथक लीकाई इलाके के मोइनम मोहम्मद टोम्बा (20) की पिछले दिनों हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सलमान खुर्शीद (29), मोहम्मद मंजुर (39), हवाईबाम चेस्टर उर्फ चालम्बा (29), सिनम ऐम्सम (28), ओइनम लियोनांडो मैतेई (25), मोहम्मद मजीबुर (19), एलंगबाम गोबिन सिंह (33), यांगखुबम रजिया (22), मोहम्मद आजम खान (32) और सिल्विया (19) के रूप में हुई है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जांच जारी है।

# मायुमं अमृत शक्ति रंगिया शाखा ने किया छात्र-छात्राओं का अभिनंदन

**रंगिया ( निसं )।** मारवाड़ी युवा मंच अमृत शक्ति शाखा द्वारा सेबा व सीबीएसई के कक्षा 10वीं तथा 12वीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास हुए छात्र-छात्राओं का आज अभिनंदन किया गया। श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह में मारवाड़ी युवा मंच रंगिया शाखा के संस्थापक अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा, संस्थापक सचिव प्रमोद अग्रवाल, व पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र जाजोदिया की उपस्थिति में रंगिया समाज से कक्षा 10 के 12 तथा कक्षा 12 के 16 छात्र छात्राओं का अभिनंदन फूलाम गामोछा व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा ज्योति सराफ, सचिव शिखा नथानी, सह सचिव सुषमा सिकरिया, उपाध्यक्ष पूजा सिकरिया शर्मा और मोनिका छित्रका, कार्यकारिणी सदस्य सारिका सिकरिया, प्राची सिकरिया, मोनिका अग्रवाल के साथ सदस्य खुशी जैन, यामिनी जैन, शिखा बजाज, गरिमा जैन, निबिता शर्मा, पूजा वैद्य के सहयोग से मातृ दिवस के अवसर पर 4 से 8 वर्ष के बच्चो के



बीच रंग भरो प्रतियोगिता, 8 से 13 वर्ष के बच्चो के बीच आर्ट व क्राफ्ट प्रतियोगिता तथा 14 से 18 वर्ष के बच्चो के बीच मां पर निबंध लिखो प्रतियोगिता आयोजित की गयी। तीनो प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय रहे बच्चो को शाखा की ओर से पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही करीब 52 प्रतियोगियों को सांत्वना भेंट किया गया। मालुम हो कि इस अवसर पर बच्चो के साथ अभिभावको की उपस्थिति से मंच सदस्य उत्साहित हुए व सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## लोस चुनाव : लोगों से मिल रहे प्यार का मेरा रोम-रोम कर्जदार : सनातन पांडेय

**बलिया ( हिंस )।** लोकसभा क्षेत्र बलिया के सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय ने गुरुवार को संपर्क अभियान के दौरान बलिया नगर फेफना, मोहम्मदाबाद व जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान वे भावुक भी हुए। इंडी गठबंधन के उम्मीदवार सनातन पांडेय ने बड़े भावुक होते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने जिस तरह मेरे चुनाव को अपना व्यक्तिगत चुनाव मानकर एक-एक मतदाताओं को जोड़ने का काम किया है, यह मेरे रोम-रोम पर कर्ज है। इसे चुकाने के लिए मेरा एक-एक पल बलिया लोकसभा को समर्पित रहेगा। मेरे दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे। जनसंवाद के दौरान सनातन पांडे ने लोगों से एक जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने का अपील करते हुए कहा कि चुनाव भारत की लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव है। संविधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा का चुनाव है।

# राजद और कांग्रेस वाले ही हिंदू मुस्लिम में झगड़ा कराते है : नीतीश



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** पश्चिमी चंपारण लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी डा.संजय जयसवाल के समर्थन में रक्सौल के भेलाही स्थित नथुनी दुर्गा हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राजद की तीखी आलोचना करते कहा कि हिंदू मुस्लिम के झगड़े यही लोग कराते थे। हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई। राज्य में महिलाओं को पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। अनुसूचित जाति, जन जाति और अति पिछड़ों को 65 प्रतिशत, और गरीब सवर्ण को 10 प्रतिशत यानी 75 प्रतिशत आरक्षण दिया। जातीय जनगणना हमने कराया। आर्थिक जनगणना भी कराई। जिसमें पता लगा कि 95 लाख परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। उन्हे मदद दी जाएगी। उन्होंने ऐलान किया कि बिहार के प्रत्येक गरीब परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे। सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनेगा। हम काम करने वाले हैं। आगे भी काम करेंगे। हमने बीच मे दो बार गलती किया है। इधर उधर चले गए। आश्वस्त करने आए हैं कि अब कहीं नही जाएगे। दूसरी बार जब गए तो ई सब गड़बड़ करने लगा। चुनाव बाद सबका जांच कराएंगे। उन्होंने लालू परिवार पर निशाना साधते कहा कि 9/9गो बाल बच्चा पैदा किया। बेटा बेटी को ई ऊ बनाता रहता है। ऊ सब अंट संट बोलते रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए तो पूरा बिहार एक परिवार है। एनडीए ने ही बिहार का विकास किया है। उन्होंने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले राज्य में कैसी स्थिति थी.. कोई घर से निकल पाता था? कोई काम हुआ था? हमने करके दिखाया। यह कहने नही, महसूस करने की बात है। उन्होंने कहा कि आप सब गड़बड़ लोगों के चक्कर में मत आइए.. एनडीए को फिर से लाइए। उन्होंने डॉ. संजय जायसवाल को विजयी बनाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों से हाथ उठा कर वोट देने के लिए आश्वस्त कराया। कहा कि देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ही आगे बढ़ेगा। देश में तीसरी बार एनडीए की ही सरकार बनेगी। बिहार में हम 40 में 40 सीट जीतेंगे। सभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, कृष्ण नंदन पासवान, राज्य सभा सदस्य संजय झा, सांसद सह भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

# मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी होने पर बच्चे और अभिभावकों ने किया हंगामा



**भागलपुर ( हिंस )।** जिले के सुलतानगंज प्रखंड के कटहरा पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कटहरा में गुरुवार को मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी होने पर स्कूल के बच्चे और अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान कटहरा पंचायत के उपमुखिया सीता देवी ने बताया कि स्कूल में कुल 101 बच्चे हैं। यहां वर्ग एक से पांच तक की पढ़ाई होती है। स्कूल के प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी कुमार घोष के द्वारा मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी किया जा रहा है। पानी वाले और सब्जी भी सही नहीं दिया जाता है। बच्चों को अंडा भी नहीं दिया जाता है। स्कूल के बच्चे भोजन खाकर बीमार हो रहें हैं। उधर स्कूल के प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी कुमार घोष स्कूल छोड़कर फरार हो गए। स्कूल के शिक्षक एवं रसोईया ने बताया कि प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी कुमार घोष के द्वारा जो राशन का सामान दिया गया है। उसी के अनुसार खाना बनाया जाता है। वहीं प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी कुमार महतो ने फोन पर बताया कि रसोईया को राशन का समान देकर स्कूल के काम से बीआरसी आ गए। स्कूल में बच्चे अधिक आने पर दाल में पानी मिलाया गया है। आगे से ऐसा नहीं होगा। रसोईया को ही राशन का समान का भार दे दिया जाएगा।

## सत्ता की ललक में लालू यादव पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए : शाह



**पटना ( हिंस )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लालू यादव पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं लेकिन सत्ता की इतनी भी क्या ललक है कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए। बिहार का भला तेल पिलावन लठिया घुमावन से नहीं होगा। उसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को मजबूत करें, जिसने बिहार के युवा को लाठी की जगह मोबाइल फोन थमाया है। अमित शाह गुरुवार को बिहार के सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उम्मीदवार देवेश चंद्र ठाकुर से पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नरेंद्र मोदी को देश का पहला प्रधानमंत्री बताया, जो अति पिछड़े वर्ग से आते हैं। आरक्षण को लेकर किए गए उनके कार्यों को भी अमित शाह ने गिनाया। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से भी नरेंद्र मोदी ही जोड़ेंगे। गृह मंत्री ने पीओके के मुद्दे पर सख्त तेवर दिखाए और कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर हमारा था। हमारा है और हमारा ही रहेगा। हम उसे हर हाल में लेकर रहेंगे। अमित शाह ने जदयू उम्मीदवारों को वोट देकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सीतामढ़ी शहर स्थित गोयनका कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने फारूक अब्दुल्ला से लेकर राहुल गांधी और लालू यादव से लेकर उनके बेटे तक को निशाने पर लिया।

## जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया विश्व डेंगू दिवस

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिले के सदर अस्पताल स्थित जीएनएम हॉस्टल परिसर, सदर स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गुरुवार को विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। इस संबंध में जिले के डीभीडीसीओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि आशा, नर्स, वीबीडीएस व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से बैनर, पोस्टर, लीफलेट के साथ लोगों को डेंगू से बचाव की जानकारी दी गईं। वीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते है, इसलिए घरों के आसपास पानी जमा होने दें, किटनाशक का छिड़काव करें, रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू का जांच व इलाज सभी सरकारी पीएचसी में उपलब्ध है। वैसे व्यक्ति दुबारा डेंगू बुखार की शंका होने पर तुरंत ही सरकारी अस्पताल चिकित्सक से संपर्क करें, सरकारी अस्पतालों में है उपचार व जांच हेतु किट नि:शुल्क उपलब्ध है।

# कमल पर बटन दबाकर मोदी को करें मजबूत : डॉ. मोहन यादव



**हजारीबाग ( हिंस )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को झारखंड की हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने लोगों से मतदान वाले दिन कमल का बटन दबाकर यहां से मनीष जायसवाल को जिताने और नरेंद्र मोदी को मजबूत करने की अपील की। हजारीबाग जिले के बरही में स्थित पंचमाधव आश्रम फुटबॉल मैदान में आयोजित इस जनसभा में डॉ. यादव ने कहा कि हजारीबाग भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। यहां सारे बंधन तोड़कर आने की इच्छा होती है। उन्होंने मौजूदा झारखंड सरकार की तुलना हेलीकॉप्टर से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह हेलीकॉप्टर जब ऊंचाई पर उड़ता है तो सबको अच्छा लगता है लेकिन जब वो नीचे उतरता है तो काफी धूल-मिट्टी और गंदगी उड़ती है, जिससे आंखे बंद हो जाती हैं। आप सबने जिनको वोट देकर अपने सूबे का मुख्यमंत्री बनाया, सरकार में मंत्री बनाया वो हेलीकॉप्टर में सुंदर लग रहे थे लेकिन वो आपकी आंखों में धूल झोंक रहे थे। वो आपकी आंखों के सामने आपका माल लूटकर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने बड़े अरमानों से अपना एक-एक वोट देकर जिसकी सरकार बनाई, आज उसके मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सलाखों के पीछे हैं। जब राज्य का मुखिया और उसके मंत्री इतने भ्रष्ट होंगे तो राज्य का विकास कैसे संभव है। झारखंड राज्य खनिज सम्पदाओं से भरा पड़ा है लेकिन राज्य के सिंहासन पर बैठे भ्रष्ट लोग राज्य को लूटने में लगे हैं। राज्य में पिछड़ापन आज भी बरकरार है। डॉ. यादव ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी आज नहीं है लेकिन राज्य के अलग होने में उनकी महती भूमिका रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नारे को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारा दिया था कि ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। आज इसी का नतीजा है कि राज्य के मुखिया और मंत्री जेल में बंद है। 2019 में कुछ दलों ने गठबंधन कर सरकार बनाई लेकिन उनका सरकार बनाने का मकसद राज्य की खनिज सम्पदाओं को लूटना था। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश धर्म के मार्ग पर चल रहा है। अयोध्या में जब रामलला को स्थापित किया गया, तब कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। उस याचिका में कांग्रेस ने कहा कि उसे पता नहीं कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था। अब ऐसे लोगों को अपना वोट देने का क्या औचित्य है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मप्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की पांच पीढ़ी ने दिल्ली में जन्म लिया लेकिन आज तक दिल्ली से चुनाव लड़ने की हिमाकत नहीं किए परन्तु 56 इंच सीना वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बाद जब लोकसभा चुनाव लड़ने की बात आई तो उन्होंने काशी विश्वनाथ को चुना और उप्र से चुनाव लड़कर समाजवादी पार्टी को परास्त करने का काम किया। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वह वायनाड से चुनाव हारने की सूचना मिलते ही दूसरे लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश की आजादी से पहले अंग्रेजों ने लूटा और अब जहां-जहां कांग्रेस समर्थित सरकार है, वहां लूटने का काम चल रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में वोट की अपील की। महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल पर दल बदल का आरोप लगाया।

## प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कॉमेडियन श्याम रंगीला ने भरा था पर्चा, खारिज




**वाराणसी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का सपना संजोये मिमिक्री कलाकार श्याम रंगीला का पर्चा जांच के बाद खारिज कर दिया गया। इसको लेकर कॉमेडियन श्याम रंगीला मायूस है। पर्चा खारिज होने के बाद श्याम रंगीला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपनी भावनाओं का इजहार किया। उन्होंने लिखा कि वाराणसी से नहीं लड़ने देंगे ये तय था, अब साफ हो गया। दिल ज़रूर टूट गया है, हौंसला नहीं टूटा है। आप सबके सहयोग के लिए शुक्रिया। मीडिया और शुभचिंतकों से निवेदन है कृपया अभी कॉल ना करें, जो भी सूचना होगी यहां देता रहूँगा, शायद अब थोड़ी देर बातचीत करने की इच्छा नहीं है। गौरतलब हो कि श्याम रंगीला ने वाराणसी संसदीय सीट से नामांकन प्रक्रिया के अन्तिम दिन 14 मई को अपना नामांकन दाखिल किया था। वाराणसी कलेक्ट्रेट सभागार में बीते बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच सुबह 11 बजे से शुरू हुई व देर रात दस बजे तक चली। जिसमें श्याम रंगीला सहित 33 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र जांच में खारिज कर दिया गया। इनमें भाजपा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की पत्नी रीना राय का पर्चा भी शामिल है। नामांकन भरने वाले 41 प्रत्याशियों में से कुल 08 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गए। इनमें प्रधानमंत्री व भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व आइएनडीआइए प्रत्याशी अजय राय, बसपा के प्रत्याशी अतहर जमाल लारी, अपना दल कमेरावादी से गगन प्रकाश, राष्ट्रीय समाजवादी जन क्रांति पार्टी के पारस नाथ केशरी, युग तुलसी पार्टी से कोली शेट्टी शिवकुमार, निर्दल संजय कुमार तिवारी तथा दिनेश कुमार यादव शामिल हैं।

# सपा-कांग्रेस का गठबंधन जब हुआ, महामारी का कारण बना : सीएम योगी

**कौशांबी ( हिंस )।** लोकसभा सीट कौशांबी में भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने तीन चरण के चुनाव का रुझान सामने रखकर देश के अंदर एक बार फिर मोदी सरकार का नारा देकर अपने भाषण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में कायाकल्प किए जाने की बात कही। 10 साल पहले के भारत की तस्वीर सामने रखकर उन्होंने कहा कि गरीबी भूख से आम आदमी मरता था। किसान आत्महत्या करते थे। युवक पलायन कर रहे थे। बेटी, व्यापारी, सुरक्षित नहीं थे। जगह-जगह विस्फोट होते थे। देश में पहचान का संकट था, लेकिन अब भारत बदल गया है। देश का सम्मान पूरा विश्व करता है। पीएम मोदी के भारत की तस्वीर सामने रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व कुशलता को बताते हुए उन्होंने कहा कि अब भारत में कोई पटाखा भी फूटता है, तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हम नहीं है। हम किसी को छेड़ते नहीं और कोई छेड़ता है तो छोड़ते नहीं, की बात कह कर देश में विकास कार्यों का परिदृश्य मुख्यमंत्री ने जनसभा में बैठे लोगों के सामने रखा। लखनऊ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह फ्री राशन देने की बात करते हैं। जब उनकी सरकार थी, तो गरीब भूख से मर रहे थे। सत्ता थी तो माफिया के करीब थे, उनकी जबान सिली हुई थी, लेकिन अब माफिया मुक्त यूपी हुआ है। साल 2024 के आम चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का गठबंधन अब वापस सत्ता में नहीं आने वाला। इसके बाद के होने वाले चुनाव में जनता इनका नाम भूल जाएगी। यह चुनाव लड़ने के काबिल ही नहीं रहेंगे। पिछले दिनों भरवारी में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट का जिक्र कर सीएम योगी ने कहा कि सांसद विनोद सोनकर ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से घायलों व मृत्यु को आर्थिक सहायता मुहैया कराई। कौशांबी की ऐतिहासिकता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने महात्मा बुद्ध, जैन तीर्थंकर महावीर, मां शीतला, गंगा जमुना का आशीर्वाद यहां की जनता को मिलने की बात कही। विपक्षी दल सपा पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि सपा का मतलब संस्कार से सम्बंध न होना। वह बड़ों का लिहाज नहीं करते, उल्टा आचरण करते हैं। जैसे राम भक्त पर गोलियां चलवाना, देशद्रोहियों के मुकदमे वापस लेना। प्रयागराज व गाजीपुर के माफिया का जिक्र कर उन्होंने जनता का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया से अनुसूचित जाति ही नहीं, ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग के लोग भी शिकार हुए। जिसको उन्होंने मिट्टी में मिला दिया। उनके द्वारा कब्जा की गई भूमि को मुक्त कराकर गरीबों में बांटा गया। कांग्रेस सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने रंगनाथ कमेटी का हवाला देकर पटेल, मौर्य जैसी पिछड़ी जातियों के आरक्षण में 6 फीसदी कटौती कर मुसलमान को आरक्षण देने की बात कही। जिसका भारतीय जनता पार्टी ने विरोध किया। कामयाब न होने पर सच्चर कमेटी बनाकर अनुसूचित जाति का अधिकार हड़पने के लिए मुस्लिम की कुछ जातियों को अनुसूचित का दर्जा देने की कोशिश हुई। सांसद व प्रत्याशी विनोद सोनकर का जिक्र कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर का नेता बताया। सीएम योगी के मुताबिक, वह त्रिपुरा, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, उड़ीसा, हिमाचल में जहां भी गए। उन्हें विनोद कुमार सोनकर कार्यकर्ताओं के बीच अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व करते हुए खड़े मिले। सीएम ने भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के उसे वायरल वीडियो का भी जिक्र किया। जिसमें वह जमीन की सौदेबाजी करते हुए टिप्पणी करते दिखाई पड़ रहे।

## जैन धर्म व सनातन धर्म की तीर्थ यात्रा का अनूठा संगम

**उदयपुर ( हिंस )।** सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान उदयपुर द्वारा 18 मई को सकल जैन समाज की स्पेशल वातानुकुलित ट्रेन उदयपुर से 1008 यात्रियों को लेकर प्रात: 6 बजे उदयपुर सिटी स्टेशन से अयोध्या, काशी विश्वनाथ, श्री सम्मेद शिखर एवं उज्जैन महाकाल कोरिडोर के लिए रवाना होगी। इस संबंध में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में संस्था के मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई। यात्रा में संघपति के रूप में शहर विधायक ताराचंद जैन तथा सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत व सम्मेद शिखर में तीन दिन आसाम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया यात्रा में शामिल होगे। इसमें यात्रा मुख्य संयोजक संजय भण्डारी व सह संयोजक श्याम नागौरी, सुधीर चित्तौड़ा, मनीष गलूंडिया, राजकुमार गन्ना, भूपेन्द्र गजावत के नेतृत्व में भिन्न -भिन्न समितियां तैयारियों का अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। इस हेतु सभी कोचों के नाम जैन धर्म तीर्थंकर परम्परा के अनुरूप दिए गए है। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी को कोच एवं सीटों का आंवटन तथा अयोध्या, सम्मेद शिखर व उज्जैन में आवास व्यवस्था का आवंटन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। यात्रा मुख्य संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि सभी कोचों का नांमाकरण किया गया है जिसे पार्श्वनाथ कोच, शांतिनाथ कोच, नेमिनाथ कोच, आदेश्वर कोच, धर्मनाथ कोच, कुंथुनाथ कोच, अनन्तनाथ कोच, वासुपूज्य कोच, अभिनन्दन कोच, अजितनाथ कोच, चंद्रप्रभु कोच, महावीर कोच व संभवनाथ कोच के रूप में जाना जाएगा। प्रत्येक कोच पर तीन-तीन प्रभारी बनाए गए है जो अपने-अपने कोच के यात्रियों की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व निभाएंगे। साथ ही सभी यात्रियों के ठहरने के लिए सभी स्थानों पर एसी रूम आरक्षित किए है। जिसमें अधिकतम तीन या चार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**भागलपुर ( हिंस )।** जिले के बाखरपुर थाना क्षेत्र बाबूपुर पंचायत निवासी 29 वर्षीय कैलाश यादव के पुत्र पिंटू यादव की मौत गुरुवार को आकाशीय बिजली की चपेटे में आने से हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बाबूपुर के भाजपा युवा नेता मो गुलजार ने बखारपुर थाना को सूचित करते हुए संबंधित विभाग को भी घटना की सूचना दी। मो गुलजार ने बताया कि पिंटू यादव गाय चराने के लिए खेत गए हुए थे। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक पिंटू यादव को एक बेटा और एक बेटी है। उधर घटना के बाद से मृतक के परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

## बाबा विश्वनाथ के नव्य और भव्य धाम का विदेशों में भी आकर्षण, 139 देशों के भक्तों ने लगाई हाजिरी

**वाराणसी ( हिंस )।** काशी नगरी हमेशा से विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। धर्म, अध्यात्म और संस्कृति को जानने की जिज्ञासा विदेशी पर्यटकों को सात समुद्र पार से काशी खींच लाती है। नव्य भव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के विस्तारित होने के बाद धाम का आकर्षण विदेशों में भी बढ़ रहा है। जिसका नतीजा है कि दरबार में आने वाले विदेशी भक्तों की संख्या बढ़ गई है। बाबा के दरबार में 139 देशों के भक्तों ने पिछले दो सालों में हाजिरी लगाई है। काशी को इतिहास से भी प्राचीन लिविंग सिटी का दर्जा प्राप्त है। यूरोपियन लेखक और साहित्यकार मार्क ट्वेन ने काशी की कथाओं और आध्यात्मिक परंपरा पर मंत्रमुग्ध होकर लिखा है कि बनारस इतिहास से भी पुराना है, परंपरा से भी पुराना है, किंवदंतियों से भी पुराना है और इन सभी को जोड़कर तुलना करें तो इनकी संयुक्त आयु से भी दोगुना पुराना होने की प्रतीति देता है। धरोहरों और विरासत को सदियों से संजो कर रखने वाली काशी ने विशिष्ट संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखा है। विदेशी सैलानियों को काशी का यही कौतूहल खींच कर लाता है। विदेशी सैलानियों में एक बड़ी संख्या में सैलानी श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन करने भी आते हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 25 महीनों में बाबा के दरबार में 139 देशों के भक्तों ने हाजिरी लगाई है। वहीं, यदि संख्यात्मक आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2023 में केवल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में ही चार गुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अनेक गैर सनातन मतावलंबी काशी आते हैं, परंतु मंदिर में दर्शन नहीं करने जाते। अत: श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सीईओ द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में ऐसे सैलानियों की गिनती इस संख्या में सम्मिलित नहीं है। इसी प्रकार बड़ी संख्या में सारनाथ होते हुए बौद्ध परिपथ के विदेशी पर्यटक भी इस संख्या में सम्मिलित नहीं हैं। तंत्र, शाक्त, क्रिया योग, जैन, अघोरपंथ के बड़े आश्रमों एवं साधना स्थलों पर सीधे पहुंचने वाले इन विद्याओं के विदेशी साधक भी इस आंकड़े में सम्मिलित नहीं हैं। काशी की दुनिया से अच्छी कनेक्टिविटी, सुरक्षा, मूलभूत ढांचा में सुधार से बड़ी सुविधाओं ने काशी में पर्यटकों का रुझान और बड़ा दिया है। विदेशी सैलानी काशी के मंदिरों, धरोहर और संस्कृति को देखने ही नहीं आते बल्कि काशी को जीने भी आते हैं। विदेशी पर्यटक हिंदी, संस्कृत, संगीत और मंत्रों को सीखने के लिए काशी में कई दिनों तक रहते भी हैं।

## चार सौ पार सीट पाकर भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है : केजरीवाल

**लखनऊ ( हिंस )।** दिल्ली के तिहाड़ जेल से अंतरिम जमानत पर आम चुनाव के प्रचार के लिए छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। वह आम चुनाव में इंडी गठबंधन के लिए प्रचार कर रहे हैं। केजरीवाल ने आरक्षण पर कहा कि भाजपा को चार सौ पार सीटें क्यों चाहिए। इसका जवाब है कि 405 सीटों से ये आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन सपा मुख्यालय में किया गया। इंडी गठबंधन के नेता अखिलेश और केजरीवाल का यह पहला संयुक्त संवाददाता सम्मेलन है।

# सैकड़ों देशी-विदेशी पक्षियों के बर्ड हाउस के साथ आज भी कायम है फन वर्ल्ड का समर जलवा




**बीकानेर ( हिंस )।** संभाग मुख्यालय बीकानेर की तपती गर्मी में अगर कोई वर्षों से राहत का आशियाना बना हुआ है तो वह है बीकानेर से 10 किलोमीटर की दूरी पर नाल गांव स्थापित फन वर्ल्ड वाटर पार्क। फन वर्ल्ड को स्थापित हुए लगभग 30 वर्ष होने के आये है और लगातार बीकानेर के बच्चों के साथ पूरे परिवारजनों, पर्यटकों के लिए एन्टरटेनमेंट का ठीकाना बना हुआ है। बीकानेर में मार्च से लेकर सितंबर तक कम से कम एक बार फन वर्ल्ड ना जाए तो परिवार की पिकनीक कैलेंडर और एन्टरटेनमेंट का कोटा पूरा नही होता है। तो इस बार फिर गर्मियां में फन वर्ल्ड के प्रमोटर नेमीचंद गहलोत तैयार है कुछ नये झूलों, नये पक्षियों और कम रेट में फुल एन्टरटेनमेंट के अपने स्थाई वादे के साथ। बीकानेर से नाल रेल्वे ओवर ब्रिज के समीप स्थापित फन वर्ल्ड वाटर पार्क में जहां छोटे बच्चों के लिए छोटे छोट 20 तरह के झूले, राइड और छोटा स्वीमिंग पूल है तो महिलाओं के लिए भी आकर्षक झूलों वाली राइड, ट्रेन राइड, हैलीकॉप्टर राइड के साथ फैमिली स्वीमिंग पूल है जिसमें महिलाऐं स्वीमिंग का आनंद उठा सकती है। पुरुष वर्ग के लिए सभी तरह के झूलों के साथ बड़ा सा स्वीमिंग पूल का विशेष प्रबंधन किया हुआ है। इसके साथ ही कपल और फैमिली के लिए बोटिंग की आनंद लिया जा सकता है। वाटर पार्क में बड़े आयोजन के करने के लिए हॉल, झौंपड़िनुमा कमरे भी मिल जाते है। कम रेट, ज्यादा एन्टरटेनमेंट के वादे पर कवि मिजाज रखने वाले नेमीचंद गहलोत बताते है कि इस फन वर्ल्ड की स्थापना बीकानेर में किसी बड़े एन्टरटेंनमेंट के ना होने के खालीपन को भरना था और आज नगर निवासियों के साथ बीकानेर के बारह से आये मेहमान भी यहां आकर आनंद उठाते है तो उनका मन बड़ा प्रसन्न रहता है। खाने पीने की व्यवस्था पर गहलोत बताते है कि हमारे यहां विभिन्न तरह के ब्रांडेड कंपनियों के पेय पदार्थ और पैकेट् फुड आइटम हर समय मिलते और यहा पर परिवार अपने घर से भी खाना बनाकर ला सकता है जिसको पार्क में विभिन्न विश्राम स्थलियों में बैठकर खा सकता है।

